**चिंता** | आखिर क्यों नहीं थम रहा बाघों की मौत का सिलसिला

# बांधवगढ़ में एक और बाघिन की गई जान



**चिल्हारी नवभारत 18 मार्च।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार हो रही मौतों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला एक 5 वर्षीय बाघिन की मौत का है, जिसने इलाज और रेस्क्यू के बावजूद दम तोड़ दिया। सवाल अब यही उठ रहा है कि आखिर इस तरह की घटनाएं क्यों नहीं थम रही हैं।

जानकारी के मुताबिक 15 मार्च की शाम मानपुर बफर क्षेत्र के बनवेई नाला, बीट दमना के पीएफ 352 के पास एक बाघिन के बीमार होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथियों की मदद से निरीक्षण किया, जिसमें बाघिन बेहद कमजोर हालत में मिली और ज्यादा दूरी तक चलने में भी असमर्थ थी।

## विशेषज्ञों की निगरानी में चला इलाज

बाघिन स्थिति को गंभीर देखते हुए तत्काल इलाज शुरू किया गया। 16 मार्च को बाघिन का रेस्क्यू कर उसे बहेरहा इनक्लोजर में शिफ्ट किया गया, जहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसका इलाज जारी रहा। इसके बावजूद 17 मार्च की दोपहर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना तुरंत नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को दी गई। इसके बाद तय प्रक्रिया के अनुसार अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार किया गया।

## बाघिन को थी कोई गंभीर बीमारी

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बाघिन किसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी, जिसमें लिवर और तिल्ली प्रभावित थे, साथ ही आंतरिक रक्तस्राव भी पाया गया। हालांकि उसके सभी अंग सुरक्षित मिले हैं, जिससे शिकार की आशंका नहीं जताई जा रही है, लेकिन लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं कई सवाल खड़े कर रही हैं। फिलहाल सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।

# तीन साल से फरार वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**नवभारत उमरिया 18 मार्च।** थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा न्यायालय उमरिया के एक प्रकरण में 3 साल से फरार स्थाई वारंटी दुरूज बिहारी यादव को ग्राम अमहा से गिरफ्तार कर न्यायालय उमरिया में पेश किया गया। इसके साथ ही जिला जेल में निरुद्ध आरोपी कृष्णा कुमार गुप्ता निवासी नोरोजाबाद का स्थाई वारंट तामील किया गया। इस प्रकार उमरिया पुलिस द्वारा विगत 24 घंटे में 2 स्थाई वारंट तामील किए गए।








# मां ज्वाला धाम में चैत्र नवरात्रि महोत्सव आज से

▸ जवारा जुलूस व देवी जागरण का होगा आयोजन

**नौरोजाबाद नवभारत 18 मार्च।** नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित मां ज्वाला धाम उचेहरा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार से होने जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल है।

नवरात्रि प्रारंभ होते ही मां के दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा तथा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। प्रदेश के कोने-कोने से भक्त यहां पहुंचकर मां ज्वाला के दर्शन कर तथा मां से अपनी मनोकामनाएं और मुरादें मांगेंगे। 21 मार्च शनिवार को रात्रि 9:00 बजे कलश स्थापना (घट स्थापना) का आयोजन किया जाएगा। 29 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से ऐतिहासिक कलश जवारा जुलूस निकालकर जवारों का विसर्जन किया जाएगा तथा रात्रि 9:00 बजे से देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा।

**भजन गायिका अलका चंद्राकर देंगी गीतों की परस्तुति**

देवी जागरण में रायपुर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध भजन गायिका अलका चंद्राकर द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। ऐतिहासिक जवारा जुलूस इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें मां काली के नेतृत्व में भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। धार्मिक सहयोग के अंतर्गत 101 हरे जवारे, 601 तेल कलश एवं 1301 घी कलश की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर इस पावन महोत्सव में शामिल होने एवं मां ज्वाला का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।

# 3.50 रुपये प्रति बोरी दर तय करने की मांग

▸ 7 दिन में भुगतान की मांग को लेकर पल्लेदारों ने सौंपा ज्ञापन

**शहपुरा नवभारत 18 मार्च।** खाद्य विभाग में पल्लेदारी का कार्य कर रहे पल्लेदारों ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान शहपुरा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पल्लेदारों ने बताया कि वे प्रदाय केंद्र शहपुरा में विगत कई वर्षों से लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य कर रहे हैं।

पूर्व वर्षों में प्रतिवर्ष हमाली दर में वृद्धि होती रही है, लेकिन वर्तमान में उन्हें प्रति बोरी मात्र 3 रुपये का भुगतान किया जा रहा है। पल्लेदारों ने आर्थिक स्थिति को देखते हुए हमाली दर बढ़ाकर 3.50 रुपये प्रति बोरी किए जाने की मांग की है। इसके अलावा पल्लेदारों ने बताया कि वर्तमान में परिवहनकर्ता और संबंधित एजेंसियां लगभग एक माह बाद भुगतान करती हैं, जिससे उन्हें परिवार चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें 7 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## उचित निराकरण का मिला आश्वासन

पल्लेदारों ने बताया कि इस संबंध में वे डिंडौरी कलेक्टोरेट एवं श्रम विभाग में भी आवेदन दे चुके हैं। शहपुरा एसडीएम ने पल्लेदारों को आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से चर्चा कर मामले का उचित निराकरण किया जाएगा। ज्ञापन में समस्त परिवहनकर्ता, अन्नदूत योजना एवं मिलर्स से लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के दौरान 3.50 रुपये प्रति बोरी की दर से हमाली भुगतान करने का अनुरोध किया गया है।

# पीएम आवास के हितग्राहियों दी जाए सस्ती दर पर रेत

▸ पार्षद खुशबू गुप्ता ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**चिल्हारी नवभारत 18 मार्च।** नगर परिषद मानपुर में वार्ड नंबर 9 की पार्षद खुशबू गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद मानपुर के भीतर 713 व्यक्तियों का आवास स्वीकृत होने के पश्चात एक लाख रुपए की प्रथम किश्त सभी हितग्राहियों के खाते में डाली जा चुकी है, लेकिन रेत की कीमत अधिक होने से हितग्राही परेशान हो रहे है।



नगर परिषद मानपुर की पार्षद ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर मांग की हैं कि समस्त हितग्राहियों को कम रेट में रेत मुहैया कराए, जिससे हितग्राहियों का आवास बन सके। वार्ड पार्षद का कहना है कि जिन भी व्यक्तियों का आवास स्वीकृत हुआ है वह गरीब तबके के लोग हैं, यदि महंगी दरों में रेत खरीदते हैं तो आवास बनने में बिलंब भी सकता है। वार्ड पार्षद खुशबू गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत जितने भी हितग्राही हैं, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू हो। रेत का अधिकतम मूल्य 1500 तक होना चाहिए। हाल ही में रेत का मूल्य लगभग 5000 रुपए तक ट्राली है, ऐसे में तो आवास का सारा पैसा रेत में ही खर्च हो जाएगा तो बाक़ी के कार्य कैसे होंगे। पार्षद द्वारा ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि रेत का दर न्यूनतम निर्धारित की जाए।

# नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 9 लाख की ठगी

▸ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का मामला, पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

**चिल्हारी नवभारत 18 मार्च।** उमरिया जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 9 लाख रुपये की ठगी की गई। हैरानी की बात यह है कि आरोपियों के सामने होने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और पीड़ितों को यह कहकर छोड़ दिया कि मामला उत्तर प्रदेश का है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के दो युवकों को एक युवक ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि आरोपी ने दोनों से करीब 9 लाख रुपये वसूले और उन्हें फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर उमरिया बुला लिया।

## आरोपी के मकान मालिक ने दी पुलिस को जानकारी

मामला तब उजागर हुआ जब आरोपियों की जानकारी मकान मालिक ने पुलिस को दी। मकान मालिक ने पुलिस को बताया आरोपी ने वन विभाग में नौकरी करने के नाम पर कमरा किराए पर लिया है। वह न तो कभी ड्यूटी पर जाते दिखा और न ही यह वर्दी पहने हुए दिखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ तो की, लेकिन न तो आरोपी को हिरासत में लिया और न ही तत्काल कोई ठोस कार्रवाई की।




## पुलिस ने कहा- यूपी जाकर शिकायत करें

पीड़ितों का आरोप है कि जब उन्होंने पुलिस से मदद मांगी तो उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया गया कि वे उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, इसलिए अपने राज्य में जाकर शिकायत करें। इस रवैये से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## बांधवगढ़ प्रबंधन ने दस्तावेज फर्जी बताये

जब इस पूरे मामले की जानकारी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन को लगी, तो उन्होंने साफ तौर पर सभी दस्तावेजों को फर्जी बताया। प्रबंधन का कहना है कि इस तरह की कोई भर्ती प्रक्रिया नहीं हुई है और यह पूरी तरह ठगी का मामला है। उन्होंने पुलिस को धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की सलाह भी दी है।

## पीड़ित दर-दर भटकने को मजबूर

आरोपी खुद को करकेली के वन विभाग कार्यालय में कार्यरत बताता था, जिससे पीड़ितों को उस पर भरोसा हो गया, लेकिन अब आरोपी फरार बताया जा रहा है और पीड़ित दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ठगी का मामला स्पष्ट है, तो आखिर पुलिस कार्रवाई से क्यों बच रही है? क्या जिम्मेदारी से बचना ही अब नई व्यवस्था बनती जा रही है? फिलहाल पीड़ितों को न्याय का इंतजार है।






# किसानों को आधुनिक तकनीक की दी गई जानकारी

▸ शहपुरा में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी आयोजित

**शहपुरा नवभारत 18 मार्च।** रानी दुर्गावती खेल मैदान में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कन्या पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, आत्मा प्रभारी नेहा धुरिया, सहायक संचालक कृषि अभिलाषा चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान मेला का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना एवं उन्नत खेती की जानकारी प्रदान करना रहा।

## शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई

मेले में कृषि विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य विभाग, आत्मा, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, जनपद शिक्षा केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, नगर पालिका परिषद शहपुरा, राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे किसानों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचे : भदौरिया

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाकर आय बढ़ाने की सलाह दी तथा वन अधिकार पत्र एवं अनुकंपा नियुक्ति जैसे लाभों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि किसान किसी के बहकावे में न आएं और सीधे संबंधित विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लें।

## योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए

कलेक्टर ने जानकारी दी कि वीबीजी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में खेत, तालाब एवं कुआं निर्माण कार्य संचालित हैं, जिनका लाभ किसान उठा सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि खाद, बीज, सिंचाई एवं विद्युत से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु किसान सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा, अनुकंपा नियुक्ति पत्र, कृषि सामग्री एवं अन्य योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए गए।

# किसान ने सम्मान निधि को लेकर लगाई गुहार

▸ एसडीएम ने कहा- जल्द समस्या का होगा समाधान


**शहपुरा नवभारत।** एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान करौदी गांव किसान ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई। मामला शहपुरा विकासखंड के करौंदी गांव का है, जहां के एक किसान ने एसडीएम के समक्ष अपनी समस्या रखी।

दरअसल किसान ने बताया कि उसने किसान सम्मान निधि योजना के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज समय पर जमा कर दिए हैं, इसके बावजूद उसे अब तक योजना का लाभ नहीं मिल रहा है । किसान सम्मन निधि का लाभ न मिलने के कारण उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार संबंधित विभाग में संपर्क करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

## अधिकारियों को दिए शीघ्र निराकरण के निर्देश

थक-हार कर किसान ने जनसुनवाई में पहुंचकर एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई और जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाने की मांग की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।





# पुराने जलस्त्रोतों को सहेजना जरूरी

▸ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पहल करना आवश्यक

**अमरपुर नवभारत 18 मार्च।** शासन द्वारा प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने जल स्त्रोतों का समय और मांग को देखते हुए पुराने जलस्त्रोतों को सहेजना भी अत्यंत जरूरी हैं, जो कि आज भी कई ग्रामों के जंगलों में उपलब्ध हैं।

ग्राम पंचायत रामगढ़ के जगमंडल पहाड़ के ऊपर कथित रानी अवंती बाई के आखेट स्थल पर अभी भी वर्तमान समय में पानी भरा हुआ हैं। उस छोटे से जल स्त्रोत से लगी समतल भूमि उपजाऊ हैं। वहां औषधीय पौधों के रोपण के स्थानीय रानी अवंती बाई समिति द्वारा शासन को प्रस्ताव भी भेजा जा चुका हैं। उक्त स्थल पर तालाब निर्माण होने से जंगली जानवर, पशु, पक्षियों को पेयजल भी उपलब्ध हो सकेगा।

## इन जगहों पर भी हैं पुराने जलस्रोत

इसी प्रकार वनग्राम जैतपुरी में भी वहां के लोगों के अनुसार रामगढ़ के राजा शिकार करने पहुंचते थे। वहां आज भी जल स्त्रोत से पानी बहते हुए देखा जा सकता हैं। ग्रामीणों के अनुसार उक्त स्थल में मवेशी पानी पीते थे, साथ ही चरवाहे भी पानी का उपयोग करते रहे। इसी प्रकार मोहनझिर ग्राम पंचायत के जोबा का जंगल में भी जल स्त्रोत हैं, जहां पर बारह महीने पानी रहता हैं। ऐसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा और संवर्धन की अत्यंत जरूरत हैं।

# अवैध नलकूप खनन की सूचना पर छिंदा टोला में दी दबिश

▸ प्रशासन ने कहा- सूचना देने वालों को मिलेगा नकद पुरस्कार

**अमरपुर नवभारत 18 मार्च।** जिले में अवैध नलकूप खनन पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया द्वारा 6 फरवरी को जिले को जल अभावग्रस्त घोषित करते हुए निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद अवैध रूप से नलकूप खनन की शिकायतें सामने आने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसी क्रम में 17 मार्च को विकासखंड अमरपुर के ग्राम पिपरिया के छिंदा टोला में बिना अनुमति नलकूप खनन की सूचना पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड डिंडौरी के सहायक यंत्री द्वारा मौके पर दबिश दी गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित बोरवेल वाहन मौके से फरार पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार वाहन द्वारा लगभग 40 फीट तक नलकूप खनन कर कार्य अधूरा छोड़कर स्थल से भाग गया।





## बिना अनुमति नलकूप खनन पूर्णत : प्रतिबंधित

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट एवं भूजल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बिना अनुमति नलकूप खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है। नलकूप खनन के लिए पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन प्रस्तुत करना तथा आवश्यक होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनुशंसा प्राप्त कर अनुमति लेना अनिवार्य है।

## सूचना देने की अपील

जिला प्रशासन ने यह भी घोषणा की है कि अवैध नलकूप खनन की सूचना देने वाले व्यक्तियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस प्रकार की गतिविधियों की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# बस के इंतजार में खड़े तीन लोगों को कुचला

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत लडोई तिराहे पर सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घायल हुए तीनों को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि बिलखरवा थाना कटंगी निवासी शेखर पटेल (29) पिता मनोज पटेल के साथ काम के सिलसिले में मझौली आया था । काम निपटाकर घर वापस जाने के लिए वे लडोई तिराहे पर बस का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान वहां दो अन्य युवक पवन विश्वकर्मा निवासी सूरतलाई, माढ़ोताल और विनय विश्वकर्मा निवासी गढ़ा भी खड़े थे। तभी जबलपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 04 सी एफ 3601 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए तीनों को जोरदार टक्कर मार दी।

# अफवाह फैलाने वालों को बक्शा नहीं जाएगा

▸ मानपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 18 मार्च।** उमरिया जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरनीत कौर, तहसीलदार पंकज नयन तिवारी एवं नगर परिषद के सीएमओ राजेंद्र कुशवाहा के साथ थाना प्रभारी मुकेश कुमार मशकोले मौजूद थे।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों प्रमुख त्यौहारों की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विस्तृत चर्चा की गई, वहीं लोगों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कहते हुए कहा गया कि क्षेत्र में अफवाह फैलाने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया में प्रशासन नजर बनाए हुए है। किसी भी प्रकार की हरकत को देखते हुए कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।



## साफ-सफाई पर दिया जाए विशेष ध्यान

इस दौरान नगर में साफ सफाई की चाक चौबंद व्यवस्था कायम रखने की बात करते हुए मढिया व ज्वालामुखी मंदिर आदि देवालयों में भंडारा आदि के दौरान सावधानी बरतने की बात कही गई। बैठक में पहुंचे मस्जिद के सदर ने बताया कि 21 तारीख को ईद गाह में नमाज अता करने के पश्चात ईद पर्व मनाया जाएगा। बैठक में संदीप सोनी, शारदा प्रसाद गौतम, हरीश विश्वकर्मा, ओपी द्विवेदी, नौशाद खान, असगर हुसैन आदि उपस्थित रहे।